# केन्द्रीय आम बजट : 2023-24

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2023 को अपना 5वाँ केन्द्रीय बजट 2023-24 पेश किया। कुल 45.3 लाख करोड़ का बजट पेश किया जो पिछले बजट से 7.5% अधिक है। यह अमृत काल का पहला बजट है।

➢ **अमृत काल के लिए विजन :** सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था

- युवा वर्ग पर विशेष जोर देते हुए नागरिकों के लिए अवसर
- रोजगार सृजन में वृद्धि
- मजबूत और स्थिर वृहत-आर्थिक वातावरण

➢ **बजट 2023-24 की 7 प्राथमिकताएँ या 'सप्तऋषि'**

- समावेशी विकास
- अवसंरचना और निवेश
- हरित विकास
- वित्तीय क्षेत्र
- आखिरी व्यक्ति तक पहुँच
- क्षमता का विकास
- युवा शक्ति

## बजट अनुमान : 2023-24

- **कुल व्यय (2023-24)** - 45.03 लाख करोड़
- **पूंजीगत व्यय (2023-24)** - 10.01 लाख करोड़
- **राजस्व व्यय (2023-24)** - 35.02 लाख करोड़
- **प्रभावी पूंजीगत व्यय (2023-24)** - 13.71 लाख करोड़
- **कुल प्राप्तियाँ (उधारी के अलावा)** - 27.2 लाख करोड़
- **राजस्व प्राप्तियाँ (2023-24)** - 26.32 लाख करोड़
- **पूंजी प्राप्तियाँ (2023-24)** - 18.70 लाख करोड़
- **राजस्व घाटा (2022-23)** - 9.90 लाख करोड़ (GDP का 3.8%)
- **राजस्व घाटा (2023-24)** - 8.69 लाख करोड़ (GDP का 2.9%)
- **राजकोषीय घाटा (2022-23)**-16.61 लाख करोड़ (GDP का 6.4%)
- **राजकोषीय घाटा (2023-24)**-17.86 लाख करोड़ (GDP का 5.9%)
- **प्राथमिक घाटा (2023-24)** - 7.06 लाख करोड़ (GDP का 2.3%)

## विशिष्ट मंत्रालयों के लिए आवंटन

- **रक्षा मंत्रालय** - 5.94 लाख करोड़ रूपये
- **सड़क परिवहन और राजमार्ग** - 2.70 लाख करोड़ रूपये
- **रेल मंत्रालय** - 2.41 लाख करोड़ रूपये
- **उपभोक्ता मामले एवं खाद्य** - 2.06 लाख करोड़ रूपये
- **गृह मंत्रालय** - 1.96 लाख करोड़ रूपये
- **शिक्षा मंत्रालय** - 1.13 लाख करोड़ रूपये
- **रसायन और उर्वरक मंत्रालय** - 1.78 लाख करोड़ रूपये
- **ग्रामीण विकास मंत्रालय** - 1.60 लाख करोड़ रूपये
- **कृषि और किसान कल्याण** - 1.25 लाख करोड़ रूपये
- **संचार मंत्रालय** - 1.23 लाख करोड़ रूपये

## प्रमुख योजनाओं के लिए धन आवंटन

- **जल जीवन मिशन** - 70000 करोड़
- **प्रधानमंत्री आवास योजना**- 79590 करोड़
- **एकलव्य रेसीडेंसियल स्कूल** - 5943 करोड़
- **PM-किसान** - 60000 करोड़
- **AMRUT और स्मार्ट सिटीज मिशन** - 16000 करोड़
- **रष्ट्रीय शिक्षा मिशन** - 38953 करोड़
- **रष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** - 36785 करोड़
- **मनरेगा** - 60000 करोड़
- **सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0** - 20554 करोड़
- **स्वच्छ भारत मिशन** - 12192 करोड़
- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** - 13625 करोड़
- **FAME स्कीम** - 5172 करोड़
- **उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना** - 2491 करोड़

## केन्द्रीय बजट 2023-24 : महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था को **7% से बढ़ने** अनुमान है।
- प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर **1.97 लाख रूपये** हुई।
- **GST** मासिक राजस्व लगभग **1.5 लाख करोड़** के आसपास बना रहा।
- 2023-24 में **10.5% जीडीपी विकास दर** का अनुमान है।
- भारतीय अर्थव्यवस्था **5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** बन गई है।
- **ब्याज भुगतान** रु० 10.80 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जो कुल राजस्व व्यय का **30.8%** है।
- वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा **GDP का 5.9%** रहने का अनुमान है।
- वर्ष 2025-26 तक **राजकोषीय घाटा** को **4.5%** से नीचे लाया जाएगा।
- नया व्यवस्था में **टैक्स सलैब** की संख्या 7 से घटाकर **5 कर** दी गई है।
- अब कुल **7 लाख रूपये** तक की कमाई वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- अग्निवीरों को **अग्निवीर कॉपर्स फंड** से मिलने वाले भुगतान टैक्स रहित।
- आवासीय घर में किए गए निवेश पर पूंजीगत लाभों से कटौती की सीमा **10 करोड़ रूपये** हुई।
- नई व्यवस्था के तहत **उच्चतम अधिभार** को 37% से घटाकर **25%** की गई।
- नई कर व्यवस्था में **वेतनधारियों** को **रु० 50000** और **पेंशनधारियों** को **रु० 15000** तक की **मानक कटौती** का प्रस्ताव किया गया है।
- गैर-सरकारी **कर्मचारियों के लिए,** सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले अवकाश नकदीकरण पर कर छूट की सीमा बढ़ाकर **रु० 25 लाख** किया गया।
- पूंजी निवेश परिव्यय को 33.4% बढ़ाकर **10 लाख करोड़ रूपये** किया गया।
- पीएम जनधन योजना के तहत 47.8 **करोड़ जन-धन खाते** खोले गए।



Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

- 102 करोड़ लोगों का **220 करोड़** का टीकाकरण।
- उज्जवला के तहत **9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन** दिए गए।
- **स्वच्छ भारत मिशन** के तहत **11.7 करोड़ शौचालयों** का निर्माण।
- **पीएम किसान सम्मान निधि** के तहत 11.4 करोड़ से अधिक किसानों को **2.2 लाख करोड़ रूपये** का नकद हस्तांतरण किया गया।
- एक बार की नई **लघु बचत योजना, महिला सम्मान बचत पत्र,** मार्च 2025 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
- **मासिक आय खाता योजना** के लिए अधिकतम जमा सीमा एकल खाते के लिए रु॰ 4.5 लाख से बढ़ाकर **रु॰ 9 लाख** और संयुक्त खाते के लिए रु॰ 9 लाख से बढ़ाकर **रु॰ 15 लाख** की गई।
- ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए **कृषि त्वरक कोष** स्थापित किया जाएगा।
- **रु॰ 2200 करोड़ के परिव्यय** पर उच्च मूल्य की बागवानी फसलों के लिए **आत्मनिर्भर स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम** शुरू किए जाएँगे ।
- **प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान** के तहत पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दिया जयेगा।
- **डीएवाई-एनआरएलएम** के तहत **81 लाख स्वयं सहायता समूहों** को बड़ें उत्पादन उद्यमों में परिवर्तित किया जायेगा।
- MSME को **2 लाख करोड़ रूपये** का अतिरिक्त सम्पाश्र्विक-मुक्त ऋण।
- MSME के संविदा निष्पादन को सरल बनाने के लिए **'विश्वास से विश्वास-1'** लाया जायेगा।
- सरकर और सरकारी उपक्रमों के संविदागत विवादों के निपटान के लिए **'विश्वास से विश्वास-2'** लाया जायेगा।
- **राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री** स्थापित की जाएगी।
- वर्ष 2023-24 के लिए **रक्षा बजट** के आवंटन को पिछले वर्ष के रु॰ 5.25 लाख करोड़ से बढ़ाकर **रु॰ 593537.64 करोड़** किया गया।
- **रक्षा पेंशन** के लिए अलग से **138205 करोड़** आवंटित की गई है।
- **1.62 लाख करोड़ रूपये** पूँजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर खरीदना शामिल हैं।
- **प्रधानमन्त्री आवास योजना** के लिए परिव्यय 66% बढ़ाकर **रु॰ 79000 करोड़ से अधिक** किया गया।
- **5G ऐप्लिकेश्नों** के लिए **100 प्रयोगशालाएँ** स्थापित की जाएँगी।
- न्याय के कुशल प्रशासन के लिए **रु॰ 7000 करोड़** के परिव्यय से **ई-अदालत परियोजना** का तीसरा चरण शुरू किया जाएगा।
- **सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन** शुरू किया जाएगा।
- 157 **नए नर्सिंग कॉलेज** स्थापित किए जाएँगे ।
- **राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय** स्थापित किया जाएगा।
- 740 **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों** के लिए अगले 3 वर्षों में **38000 शिक्षकों** और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी।
- रेलवे को **2.4 लाख करोड़ रूपये** आवंटित किए गए है।
- रेलवे की नई योजनाओं के लिए **75000 करोड़ रूपये** का फंड आवंटित किया गया है। देशभर में **100 नई योजनाओं** की शुरूआत की जायेगी।
- वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान में लाइनों के संचालन पर हुए नुकसान की प्रतिपूर्ति के लिए **487.51 करोड़ रूपये** रखी गई है।
- 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे, हेलीकॉप्टर्स, वाटर एरोड्रोम और एडवांस लैंडिंग ग्राउण्ड का **पुनरूद्धार** किया जायेगा।
- **शहरी अवसंरचना विकास निधि ( UIDF )** के स्थापना द्वारा टियर-2 और टियर-3 शहरों में शहरी अवसंरचना का सृजन किया जयेगा, जिसका प्रबन्धन **राष्ट्रीय आवास बैंक** द्वारा किया जाएगा।
- पहचान और पते के अपडेट के लिए **वन स्टॉप समाधान** के तहत **डिजीलॉकर और आधार** को पहचान के रूप में प्रयोग किया जायेगा।
- दस्तवेजों को सुरक्षित स्टोर करने और साझा के लिए एक **'निकाय डिजिलॉकर'** स्थापित किया जायेगा।
- **गोबरधन** (गैल्वनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन) **योजना** के तहत 500 नए **'अवशिष्ट से आमदनी'** संयन्त्र स्थापित किए जाएँगे ।
- **10000 जैव-इनपुट संसाधन केन्द्र** स्थापित किए जाएँगे, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क तैयार किया जाएगा।
- **अपर भद्रा परियोजना** को स्थायी सूक्ष्म सिंचाई प्रदान करने और पेयजल के लिए सतही टैंकों को भरने के लिए **रु॰ 5300 करोड़** दिए गए है।
- 'मेक AI इन इण्डिया और मेक AI भारत के लिए कार्य करें' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में **आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स ( AI )** के लिए **तीन उत्कृष्टता केन्द्र** स्थापित किए जाएँगे।
- राज्य और केन्द्रशासित राज्यों के वैकल्पिक उर्वरकों और रासायनिक उर्वरकों के सन्तुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए **पीएम-प्रणाम (PM-PRANAM)** कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी कार्यों के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत **ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम** अधिसूचित किया जाएगा।
- आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए अगले तीन वर्षों में **अमृत धरोहर योजना** लागू की जाएगी।
- **मिश्टी** के तहत तटीय रेखा पर मैंग्रोव पौधारोपण की शुरूआत की जायेगी।
- 3 वर्षों में **47 लाख युवाओं** को वजीफा सहायता प्रदान करने के लिए **अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना** के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शुरू किया जाएगा।
- प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए **'भारत श्री'** योजना।
- 42 केन्द्रीय अधिनियमों में संशोधन के लिए **जन विश्वास विधेयक पेश** किया गया।

## केंद्र सरकार का पैसा

2023-24 के लिए बजट अनुमान

**कुल जोड़ 45,03,097**



| ₹ करोड़ में | | | |
|---|---|---|---|
| ब्याज | 10,79,971 | | |
| परिवहन | 5,17,034 | कृषि और संबद्ध कार्यकलाप | 84,214 |
| रक्षा | 4,32,720 | शहरी विकास | 76,432 |
| प्रमुख सब्सिडी | 3,74,707 | संघ राज्य क्षेत्र | 61,118 |
| राज्यों को अंतरण | 3,24,641 | पीएम-किसान | 60,000 |
| ग्रामीण विकास | 2,38,204 | सामाजिक कल्याण | 55,080 |
| पेंशन | 2,34,359 | वाणिज्य और उद्योग | 48,169 |
| कर प्रशासन | 1,94,749 | वैज्ञानिक विभाग | 32,225 |
| गृह | 1,34,917 | विदेश मामले | 18,050 |
| शिक्षा | 1,12,899 | वित्त | 13,574 |
| ऊर्जा | 94,915 | योजना एवं सांख्यिकी | 6,268 |
| आईटी और दूरसंचार | 93,478 | पूर्वोत्तर का विकास | 5,892 |
| स्वास्थ्य | 88,956 | अन्य | 1,20,524 |



Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta